## एक नजर में

### छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**शहडोल**: जिले में छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामले सामने आया है। इस घटना को 17 वर्षीय किशोर ने अंजाम दिया है। मामला जिले के पपौंध थाना क्षेत्र का है। बालिका ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने किशोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। बालक और बालिका आसपास के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार बालिका किशोर के साथ घर के पास खेल रही थी। तभी मां काम में लग गई और किशोर ने इसका फायदा उठाते हुए बालिका को अकेले पाकर उसके साथ घटना को अंजाम दिया। इस बीच बालिका ने रोना शुरू किया तो उसकी मां भागकर वहां पहुंची, जहां आरोपित किशोर बालिका के साथ मौजूद था। बच्ची की मां को देखकर वह मौके से भाग गया। बाद में आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया। -नप्र

### ताला तोड़कर जेवर पार

**कटनी**: कोतवाली थाना क्षेत्र की अशोक कालोनी में एक घर का ताला तोड़कर बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अशोक कालोनी निवासी हरिओम कुशवाहा पिता महावीर प्रसाद कुशवाहा, 32 साल के घर में रात को अज्ञात बदमाश ताला तोड़ कर घुसे और अलमारी में रखे एक लाख रूपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। सुबह स्वजन को जागने के बाद चोरी की जानकारी लगी। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। -नप्र

# सफाई कर्मचारी 150, पर मेडिकल के परिसर से नहीं उठाया जा रहा कचरा

**अनदेखी** ● आवासीय परिसर में लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी लगा कचरे का ढेर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल**: जिला मुख्यालय से सटे गांव चांपा में मेडिकल कालेज स्थित है। यहां पर साफ सफाई की हालत बेहद खराब है। यहां पर न केवल शहडोल बल्कि अनूपपुर और उमरिया के अलावा डिंडौरी जिले तक के मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनका इलाज करने के लिए डाक्टरों को आवास देकर यहां रखा गया है। डाक्टर जहां लोगों को साफ सफाई रखने की सलाह देते हैं, उनके ही आवासों के आसपास कचरे का ढेर लगा रहता है, जिसे साफ कराने में लापरवाही बरती जा रही है। बताया जा रहा है कि यहां पर 150 सफाई कर्मचारी तैनात हैं, लेकिन डाक्टरों के आवासीय परिसर में झांकने वाला तक कोई नहीं है। यहां पर सफाई की लगातार अनदेखी की जा रही हो।

**न सिर्फ डाक्टर आवास बल्कि पूरे परिसर में कचरा**: मेडिकल कालेज सोहागपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चांपा में आता है जहां पर संभाग एवं आसपास के अन्य जिले से लोग इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। मेडिकल कालेज जहां लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें, इसलिए वह मेडिकल कालेज आते हैं। बताया जा रहा है कि मेडिकल कालेज में लगभग 150 सफाई कर्मचारी होने के बावजूद भी यहां चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। हर माह सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद स्वच्छता कहीं पर नहीं है, चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है।



मेडिकल कालेज के आवासीय परिसर में इस तरह से पसरा कचरे का ढेर। ● नईदुनिया

**यह स्थिति लंबे समय से बनी है**: मेडिकल कालेज में साफ-सफाई को लेकर हर महीने बड़ी राशि खर्च की जा रही है। ताकि लोगों को संक्रमण का खतरा न हो। यहां आने वाले ठीक होकर जाएं न कि संक्रमण लेकर, लेकिन देखा जा रहा है कि मेडिकल कालेज में सफाई विभाग लगातार अनदेखी कर रहा है। अस्पताल एरिया से लेकर डाक्टर कालोनी तक चारों तरफ गंदगी ही गंदगी फैली नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि यहां पर साफ-सफाई नहीं होती जिससे चारों तरफ गंदगी फैली हुई है जबकि मेडिकल कालेज सफाई पर लेकर हर महीने लगभग 15 से 20 लख रुपए कर्मचारियों को वेतन देती है।

**नहीं आते कचरा वाहन लगा रहता है ढेर**: यहां रह रहे डाक्टरों के स्वजनों का कहना है कि प्रतिदिन कचरा वाली गाड़ी ना आने के कारण कचरे का ढेर लगा रहता है और इस पर सफाई कर्मचारी की लगातार लापरवाही कर रहे हैं। मेडिकल कालेज में चारों तरफ गंदगी ही गंदगी फैली रहती है जबकि मेडिकल कालेज में लगभग डेढ़ सौ सफाई कर्मी एवं तीन से चार सुपरवाइजर हैं, इसके बावजूद चारों तरफ ऐसी ही तस्वीर नजर आती है।

"जहां पर इस तरह की स्थिति है वहां पर जल्दी सुधार होगा। मैं स्वच्छता संबंधित जिम्मेदार से बात करता हूं कि सफाई की हालत ऐसी क्यों है।

**डा. नागेंद्र सिंह**
अधीक्षक मेडिकल कालेज।



खेतों में जानकारी देते हुए विज्ञानी। ● सौजन्य कृषि विज्ञान केंद्र

# विशेषज्ञों ने खेतों का अवलोकन कर किसानों को दिया प्रशिक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल**: जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विज्ञानी सह प्रमुख डा. मृगेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम कोटमा व देवगवां विकास खण्ड सोहागपुर में कृषि वानिकी अंतर्गत अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन और कृषक प्रक्षेत्र परीक्षण के तहत किसानों के खेतों का निरीक्षण किया गया। इस किसानों खेती का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में किसानों व महिला कृषकों ने भाग लिया।

कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वानिकी विशेषज्ञ भागवत प्रसाद पन्द्रे ने पेड़ पौधों की परिभाषा,महत्व,लाभ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष एवं मानव जीवन मे होने वाले उपयोग एक निश्चित भू भाग में अधिक से अधिक उत्पादन अर्जित करने कृषि वानिकी की विभिन्न पद्धितियां अपनाने के साथ मेंडो में फलदार पौधे जैसे आम, अमरूद, मुनगा, नींबू एवं अन्य इमारती वृक्ष लगाने प्रेरित किया।किसानो को अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो सके।

विज्ञानियों ने किसानों को यह भी बताया कि पशुपालकों को हरे चारा मक्का चरी और नेपियर घास लगाने के साथ उसके उपयोग एवं महत्व के बार में सम्पूर्ण जानकारियां दी। कार्यक्रम में अभिषेक सिंह व दुलारे बैगा एवं मुल्लू बैगा आदि कृषकों का विशेष योगदान रहा ।

# बमबम तालाब में मनाया जाएगा सूर्य षष्ठी का पर्व, घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया

**नईदुनिया न्यूज, अमलाई**: नगर परिषद बकहो के बमबम तालाब में छठ महापर्व को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। एक सप्ताह पूर्व से नगर परिषद और स्थानीय समाज सेवकों द्वारा घाट की सफाई और सजावट की जा रही है जो पूरी हो चुकी है।

यहां हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहते है और छठ महापर्व मनाते है। बमबम तालाब घाट पहुंच मार्ग को चारो तरफ से सजाया गया है एवं सड़क की सफाई की गई है जिससे व्रती महिलाओं को परेशानी न हो सके। नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 11 स्थित तालाब में सूर्य षष्ठी के महापर्व पर लगेगी आस्था की डुबकी, जिसकी तैयारी को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष गीता गुप्ता ने कहा कि यह हिंदू सनातन धर्म की एक अद्भुत एवं अपनी महत्वपूर्ण व्रत एवं पूजा विधान वैदिक परंपराओं पर आधारित सूर्य भगवान को अर्घ्य देते हुए ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को लेकर समर्पण भाव एवं भक्ति का प्रतीक है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में आने वाला छठ महापर्व भारतवर्ष की अनूठी धर्म संस्कृति की अद्वितीय परंपराओं में से एक है, जो चार दिनों तक सूर्य देव की उपासना का विशेष विधान लेकर आता है।

इस पर्व में व्रतियों द्वारा सूर्य देवता और छठी मैया की पूजा की जाती है, जिसमें विशेष नियमों का पालन करना होता है।छठ पूजा का आरंभ इस वर्ष पांच नवंबर को प्रथम दिवस नहाय खाय के साथ द्वितीय दिवस खरना और तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और अंतिम चौथे दिन प्रातः काल भगवान सूर्य की उपासना एवं व्रत की पूर्ण आहुति की जाती है। इस दिन श्रद्धालु नदी, तालाब या किसी पवित्र जल स्रोत में स्नान कर पवित्र भोजन ग्रहण करते हैं। स्वच्छता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है, जो पर्व की शुरुआत का प्रतीक है।पर्व का दूसरा दिन 06 नवंबर को खरना के रूप में मनाया गया। खरना के बाद से व्रत की पूर्णता का नियम शुरू हो जाता है।

सात नवंबर को छठ पूजा के तीसरे दिन व्रतधारियों द्वारा निर्जला उपवास रखा जाता है। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का विधान होता है,जहां हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर जलाशयों पर सूर्यास्त के समय सूर्य देव की आराधना करेंगे।अंतिम दिन, 08 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होता है। इस दिन व्रतियों का उपवास टूटता है और परिवार में प्रसाद वितरण कर पर्व का पारण होता है। सूर्य षष्ठी महापर्व की महत्ता और उल्लास औद्योगिक एवं कोयलांचल क्षेत्र ओरिएंट पेपर मिल कागज कारखाना सोडा कास्टिक यूनिट में राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड जहां इस पर्व का विशेष महत्व है वहीं के रहने वाले इस महापर्व को अद्वितीय तरीके से देश के कोने-कोने में जहां भी निवासरत हैं वही पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं।

### 15 को सीएम के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू

**शहडोल**: एक बार फिर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के संभावित शहडोल दौरे को लेकर प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सीएम के संभावित दौरे को ध्यान में रखते हुए बुधवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बाणगंगा मेला मैदान का निरीक्षण किया है। ऐसी संभावना है कि यदि सीएम आए तो बाणगंगा मैदान में उनकी सभा या कार्यक्रम होगा। यह तीसरी बार होगा जब सीएम के आने की तैयारी शुरू हो गई है।

## डीएपी की जगह एनपीके उर्वरक किसानों के लिए सबसे अच्छा विकल्प

**नईदुनिया प्रतिनिधि, कटनी**: सिंचित गेहूं की फसल के लिये नाइट्रोजन 120 किग्रा प्रति हेक्टेयर, फास्फोरस 60 किग्रा प्रति हेक्टेयर और पोटाश 40 किग्रा प्रति हेक्टेयर के मान से आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति कृषक डीएपी के अतिरिक्त विभिन्न उर्वरक विकल्प के माध्यम से कर सकते हैं।

कृषि विभाग के अधिकारी ने उर्वरक उपयोग करने के लिये किसानों को सलाह दी है कि गेहूं फसल में संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग करने के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक सबसे अच्छा विकल्प है। यूरिया 213 किलो, एनपीके 187 किलो, एमओपी 17 किलो प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती है। इसी तरह यूरिया 260 किलो, एसएसपी 375 किलो, एमओपी 66 किलो प्रति हेक्टेयर की आवश्यकता होती है। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि बाजार में एनपीके के विभिन्न विकल्प के नाम से उपलब्ध है। बुवाई के समय एनपीके से फसलों में संतुलित मात्रा में पोषक तत्व आधार रूप से पौधे को उपलब्ध हो जाते हैं।

# सर्वश्रेष्ठ जीएम का खिताब मिलना एरिया के सभी कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा

● अवार्ड के बाद पी.श्रीकृष्णा का धनपुरी पहुंचने पर किया गया आत्मीय स्वागत

**नईदुनिया न्यूज धनपुरी**: कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में 50वां स्थापना दिवस का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एसइसीएल सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा को सर्वश्रेष्ठ महाप्रबंधक के अवार्ड से सम्मानित किया गया। जब वह अवार्ड लेकर वापस आए तो धनपुरी में उनका अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने जोरदार नागरिक अभिनंदन किया। इस मौके पर एरिया मैनेजर ने कहा कि यह सम्मान और अवार्ड सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की मेहनत का ही नतीजा है। इंटरनेट मीडिया पर चाहे फेसबुक हो या फिर व्हाट्सएप व इंस्टाग्राम सभी पर लोगों के बधाई संदेश चल रहे।

महाप्रबंधक खनन पी रमन्ना की अगुवाई में एरिया सेल्स मैनेजर श्रीनिधि मिश्रा, अजय द्विवेदी ने अपने साथी अधिकारियों ने महाप्रबंधक के परिवार जनों के साथ एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया।



तिलक लगाकर स्वागत करते हुए जीएम की धर्मपत्नी। ● नईदुनिया

रात 10 बजे जैसे ही महाप्रबंधक अपने निवास पर पहुंचे तो उनकी धर्मपत्नी सुरभि महिला समिति की अध्यक्षा अपर्णा श्री कृष्णा ने तिलक लगाकर स्वागत किया।आतिशबाजी के साथ महा प्रबंधक ने अपने निवास में प्रवेश किया।सभी ने इस दौरान स्वागत किया।महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा ने आत्म विभोर होकर कहा कि मैंने कभी कल्पना ही नहीं की थी , कि मेरा इस तरह से स्वागत होगा और सभी लोगों ने इतनी गोपनीयता बनाई रखी और मुझे भनक कहीं नहीं लगी। पर.श्रीकृष्णा ने कहा की क्षेत्र का एक एक व्यक्ति उनके इस सम्मान के लिए जिम्मेदार है और उनके बिना मेहनत या लगन से यह संभव ही नहीं हो पाता। पी.श्रीकृष्णा को अवार्ड मिलने पर नगर के वरिष्ठ नागरिक सनत शर्मा, इंटक के महामंत्री अमरजीत सिंह, समाजसेवी सोनू आहूजा, एन पी साहू सहित कई लोगों ने खुशी जाहिर की।

## बीओसीडब्ल्यू में पंजीकृत श्रमिकों के बनेंगे आयुष्मान कार्ड

**नप्र, शहडोल**: प्रभारी सहायक श्रम आयुक्त ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के बीओसीडब्लयू के पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के पात्र सदस्यों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए जिला ,ब्लाक, पंचायत स्तर पर कियोस्क सेंटरों पर जाकर प्रक्रिया का क्रियान्वयन 11 नवम्बर सोमवार तक किया जाना है। शेष पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के पात्र सदस्य अपने आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड व समग्र आइडी लेकर नजदीकी आयुष्मान मित्र कामन सर्विस सेंटर से सम्पर्क कर आयुष्मान भारत योजना में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# बच्चों को संस्कार देने की क्रिया घर से ही करें प्रारंभ

- संघ कार्यालय में अधिवक्ताओं के साथ परिचर्चा का हुआ आयोजन
- भारत के संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त मनीष दुबे सहित अन्य रहे मौजूद

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल**: व्यक्ति निर्माण और बौद्धिक विकास पर चर्चा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में अधिवक्ताओं के साथ एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में महाकोशल छत्तीसगढ़ एवं मध्य भारत के संपर्क प्रमुख प्रवीण गुप्त, मनीष दुबे, मनोज गौतम सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। परिचर्चा में प्रवीण गुप्त ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक क्रियाकलापों से स्वस्थ शरीर का व मन का निर्माण होता है। हम सब राष्ट्र सर्वोपरि की अवधारणा पर कार्य करें।



आरएसएस कार्यालय में अधिवक्ताओं से परिचर्चा करते हुए सदस्य। ● नईदुनिया

समाज में संगठन की कमी, स्वाभिमान शून्यता और समाज का स्वार्थी होना के तीन सबसे बड़ी समस्या हैं और दोष भी हैं। देश के न्याय व्यवस्था के लिए अधिवक्ताओं का कार्य बहुत ही जिम्मेदारी वाला है।

**दूसरे देश देख रहे हमारी ओर**: अधिवक्ताओं से वार्तालाप करते हुए प्रवीण गुप्त ने कहा कि धर्मांतरण आज के समय की सबसे बड़ी समस्या है। हमें भारत को वास्तविक भारत बनाना है। आज दुनिया के सभी देश अपनी समस्याओं का निराकरण भारत में खोज रहे हैं। 1200 वर्षों तक विविध आक्रमण कारियों एवं घुसपैठियों ने भारत पर आक्रमण किया, लेकिन इससे भारत की संप्रभुता पर कोई असर नहीं पड़ा। आज के दौर में हमें अपने बच्चों को शील और संस्कार देने की क्रिया घर से ही प्रारंभ करनी चाहिए।

**बच्चों के साथ गुजारें समय**: इस दौरान कहा गया कि बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चों के साथ समय गुजारें और उनके मानसिक विकास पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हमें विकसित भारत के लिए विकसित सोच की अवधारणा का पालन करना होगा। अन्य संगठन केवल कुछ मुद्दों के लिए ही कार्य करते हैं लेकिन संघ व्यक्ति निर्माण के लिए कार्य करता है। आज के दौर में श्यामा प्रकाश मुखर्जी, आचार्य श्रीराम शर्मा, स्वामी विवेकानंद के विचार प्रासंगिक हैं।

# न्यायोत्सव : जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने प्रयास



कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम में बोलते विधिक अधिकारी। ● नईदुनिया

**नप्र, शहडोल**: मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर बुधवार को इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश हितेन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।

नौ नवंबर तक न्यायोत्सवः इन दिनों विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी और जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है। छह नवंबर को इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**उपलब्धि** बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट ने किया विंध्य की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन

# उप मुख्यमंत्री के हाथों जयसिंहनगर की एकता सम्मानित

**नईदुनिया प्रतिनिधि शहडोल**: बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के विंध्य की प्रतिभाओं के सम्मान समारोह में शहडोल जिले के जयसिंहनगर में रहने वाली एकता शुक्ला को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में उनको सम्मानित किया। उन्होंने बघेली भाषा में कहा कि- 'लोगों का सम्मानित करब विंध्य कै गौरवशाली परंपरा आय। सम्मान समाज मा या संदेश देत है कि समाज के नज़र पारखी है। औरन का प्रेरित करत है, मेहनत करै का, संघर्ष करिके सफल होंय का। सफलता का कौनों शार्टकट नहीं होय।' उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग और राज्य सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विंध्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक एवं बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के नागरिकों को एकजुट करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विंध्यवासियों को सम्मानित कर अन्य नागरिकों को प्रेरित करने के लिये यह आयोजन किया गया है।



उप मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होते हुए एकता शुक्ला। ● नईदुनिया

गोपद बनास में पदस्थ हैं एकताः फरवरी 2014 में एकता शुक्ला की पहली पदस्थापना तहसील गोपद बनास जिला सीधी में हुई। अपने इस छोटे से कार्यकाल में न केवल प्रशिक्षण प्राप्त किया, बल्कि कानून व्यवस्था, विभाग द्वारा दी गई जांच, स्कूल छात्रावास निरीक्षण कर ग्रामीण क्षेत्र की परिस्थिति को समझ कर उन्हें सुलझाने का भी प्रयास किया। इनके सम्मानित होने से जयसिंहनगर क्षेत्र में खुशी व्याप्त है।

इनको भी किया गया सम्मानितः कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के आइपीएस काजल सिंह, आइएफएस अक्षत पांडेय, वीरेन्द्र कुमार पटेल, ऋषिका सिंह, आइआरटीएस रोहित सिंह, डिप्टी कलेक्टर अंबिकेश प्रताप सिंह, अर्चना मिश्रा, नंदन तिवारी, देवेंद्र द्विवेदी, प्रिया पाठक, सौरभ मिश्रा, अमित सोनी, उमेश द्विवेदी, डीएसपी हेमंत पांडे, डिप्टी कमांडेंट होमगार्ड आशीष कुशवाहा, वेटनरी डाक्टर रागिनी मिश्रा, एटीओ प्रकाश द्विवेदी, एडी शिक्षा कविता त्रिपाठी, जनपद-सीईओ ज्योति पटेल, नायब तहसीलदार कमलेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, प्रकाश उपाध्याय, बिंदु तिवारी, रूपा पाठक, आंचल अग्रवाल, प्रज्ञा दुबे, प्रतीक्षा सिंह, अंकिता पांडे, एकता शुक्ला शहडोल, शिव कुमार गौतम, सुमित तिवारी और सौम्य कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया गया।


## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

## अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 25/11/2024

क्षेत्रीय कार्यालय- बुढ़ार रोड, शहडोल, मध्य प्रदेश

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित''** के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | संबंधित शाखा | ऋण खाता/ऋणी/प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार | मांग/ बकाया राशि | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण / कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य | अग्रिम धरोहर जमा राशि | बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जैतहरी अनूपपुर मोब.नं.- 8226012835 | (1) श्री दिनेश कुमार मिश्रा पिता श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा (मूल उधारकर्ता) (2) श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा पिता श्री शारदा प्रसाद मिश्रा (गारंटीदाता) पताः ग्राम आदर्श ग्राम सिवनी, पोस्ट ध्वंगावान थाना एवं तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) | रू. 19,51,133/- + ब्याज + विधिक व्यय | संपत्तिः- खसरा क्र. 475/2(ख), वार्ड क्र. 18, ग्राम आदर्श ग्राम सिवनी, पोस्ट ध्वंगावान थाना एवं तहसील जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.), भू- स्वामी- श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा पिता श्री शारदा प्रसाद मिश्रा। चतुर्सीमाः पूर्व- केशरी सोनी का प्लॉट, पश्चिम- सड़क, उत्तर- दिनेश राठौर का प्लॉट, दक्षिण- देवेंद्र सिंह का प्लॉट, क्षेत्रफलः 3875 वर्गफुट/0.036 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई/ प्रलक्षित कब्जा | रू. 25,74,000/- | रू. 2,57,400/- | रू. 1,00,000/- |
| 2 | जैतहरी अनूपपुर मोब.नं.- 8226012835 | (1) मे. विपिन पुस्तक भंडार प्रोप. विपिन अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल (मूल उधारकर्ता) पताः मेन मार्केट जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) (2) श्री विपिन अग्रवाल पिता अशोक अग्रवाल (मूल उधारकर्ता), पताः वार्ड क्र. 07, मेन मार्केट जैतहरी, अनूपपुर (म.प्र.) (3) श्रीमति आशा अग्रवाल पति अशोक अग्रवाल (गारंटीदाता/ संपत्ति बंधककर्ता), पताः वार्ड क्र. 07, मेन मार्केट जैतहरी, अनूपपुर (म.प्र.) | रू. 20,19,237/- + ब्याज + विधिक व्यय | संपत्तिः- खसरा क्र. 3245/3776/1, पटवारी हल्का क्र. 22, पीडीएस गोदाम के पास, मौजा सिवनी, तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.), भू- स्वामी- श्रीमति आशा अग्रवाल पत्नी श्री अशोक अग्रवाल। चतुर्सीमाः पूर्व- सुधीर चौधरी की भूमि, पश्चिम- शिव कुमार राठौर की भूमि, उत्तर- मार्ग (शिवनी- शक्तिटोला), दक्षिण- बाबुराम राठौर की भूमि, क्षेत्रफलः 23055 वर्गफुट/0.214 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई/ प्रलक्षित कब्जा। | रू. 10,50,000/- | रू. 1,05,000/- | रू. 50,000/- |
| 3 | जैतहरी अनूपपुर मोब.नं.- 8226012835 | (1) श्री अमरनाथ विश्वकर्मा पुत्र श्री अम्मी लाल विश्वकर्मा (मूल उधारकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता), पताः वार्ड क्र. 12, ग्राम धनगवा थाना एवं तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.) | रू. 11,86,595/- + ब्याज + विधिक व्यय | संपत्तिः- खसरा क्र. 1055/1/1/1/1/1/1/2 ग्राम धनगवां, पटवारी हल्का धनगवां क्र. 37, तहसील जैतहरी, जिला अनूपपुर (म.प्र.), भू- स्वामी- श्री अमरनाथ विश्वकर्मा पुत्र श्री अम्मी लाल विश्वकर्मा। चतुर्सीमाः पूर्व- पुरषोत्तम सोनी की आराजी, पश्चिम- अनुसूईया बाई की आराजी, उत्तर- विक्रेता की शेष आराजी, दक्षिण- पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग, क्षेत्रफलः 60X60= 3600.00 वर्गफुट/0.033 हे. उस पर निर्मित भवन/इकाई/ प्रलक्षित कब्जा। | रू. 13,10,000/- | रू. 1,31,000/- | रू. 50,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गये प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.co.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB Alliance के वेबपोर्टल http://ebkray.in पर उपलब्ध लिंक देखें । नीलामी से अन्य संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नंबर 91-8291220220, या प्राधिकृत अधिकारी श्री रामा कान्त मिश्रा (मोब. 91-9693096247) या क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल (ई मेल- recvshahro@centralbank.co.in) से सभी कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क कर सकते हैं । शीर्षक दस्तावेजों/ दूसरे दस्तावेजों/ संपत्ति के निरीक्षण/ जानकारी हेतुः संबंधित शाखा- जैतहरी अनूपपुर (मोब. नं. 8226012835) से बैंकिंग कार्यदिवसों में कार्यावधि के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक बोलीकर्ता सम्पत्ति का निरीक्षण संबंधित शाखा से संपर्क कर दिनांक 18/11/2024 से 19/11/2024 को कर सकते हैं । उपरोक्त संबंधित सभी ऋणियों / प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन पंद्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांकः 07/11/2024, स्थानः शहडोल (म.प्र.)

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी